दिनांकः 15 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

**गोरखपुर विश्वविद्यालय में चलाए जाएंगे फ्रेंच एवं जर्मन में सर्टिफिकेट कोर्स**

**एड्ऑन कोर्स के तहत होगा प्रवेशय  कामकाजी लोग और कोर्स की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स भी ले सकेंगे एडमिशन**

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए फ्रेंच एवं जर्मन भाषा के सर्टिफिकेट कोर्स चलाए जाएंगे। यह कोर्स अंग्रेजी विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा। इसके लिए भाषा विशेषज्ञों को विवि से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी, जिसमें एडऑन के तहत परिसर और बाहर के छात्र भी इन कोर्सेज में प्रवेश पा सकते हैं। एडऑन सर्टिफिकेट कोर्स छह माह का होगा। इस कोर्स में कामकाजी लोग या दूसरे कोर्स की पढाई कर रहे स्टूडेंट्स एडमिशन भी ले सकते हैं। इसके लिए एक गूगल फॉर्म बनाया जा रहा है, जिसमें आवेदन करने के पश्चात विश्वविद्यालय के दिशानिर्देश एवं नियम के अनुरूप प्रवेश लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने विश्वविद्यालय में रोजगारपरक शिक्षा और प्रोफेशनल्स को तैयार करने के लिए अनेक नए कोर्सेज को बढ़ावा दिया है और यह सभी कोर्स विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कुलपति प्रो. राजेश सिंह दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय को विदेशी और देशी भाषाओं की पढ़ाई के हब के रूप में विकसित करने का भी प्रयास कर रहे हैं, उसी के तहत फ्रेंच और जर्मन की पढ़ाई इस सत्र से शुरू हो रहा है। वास्तव में यह मल्टीटास्किंग का दौर है। यदि छात्र अलग–अलग भाषाएं सीखते हैं, तो इससे उनके करियर को नई ऊंचाई मिलने की संभावना बढ़ती है। हाल के वर्षों में भारतीय छात्रों के बीच जर्मन व फ्रेंच कोर्सों की मांग काफी बढ़ी है। एनईपी 2020 में भी इस प्रकार के प्रोफेशनल कोर्सेज को बढ़ावा देने का उल्लेख किया गया है।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur